आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 22.07.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया।
- राज्य के अंब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज़' का टर्नओवर वर्ष 2030 तक 100 करोड़ रुपए पहुंचाने का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति विशेष सतर्कता बरतने और इसमें जनसहभागिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।
- प्रदेश के सरकारी अस्पतालों से मरीजों को अनावश्यक रेफरल करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस्तीफा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे एक पत्र में, श्री धनखड़ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए, उन्होंने तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के अटूट सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

श्री धनखड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के प्रति भी अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

श्री धनखड़ ने कहा कि इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में प्राप्त अमूल्य अनुभवों और अंतर्दृष्टि के लिए वह अत्यंत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के इतिहास के इस परिवर्तनकारी युग में सेवा करना उनके लिए एक सच्चा सम्मान रहा है।

लक्ष्य

राज्य के अंब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज़' का टर्नओवर वर्ष 2030 तक 100 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिये उत्पादों के विपणन के लिए यूनिटी मॉल जैसे माध्यमों का उपयोग करने और विपणन व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सचिवालय में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए हर विकासखंड में एक–एक स्मार्ट गांव विकसित करने के निर्देश दिए, जहां मूलभूत सुविधाओं के साथ सभी परिवारों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने, रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करने और डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम को मजबूत करने की बात कही।

'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान देने और इन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने ग्रोथ सेंटर्स को व्यावसायिक दृष्टिकोण से सशक्त करने और उन्हें कौशल विकास से जोड़ने पर कार्य करने को कहा।

महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' योजना के तहत आवश्यक प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार उपलब्धता सुनिश्चित करने की व्यवस्था बनाने के निर्देश भी दिए गए।

<u>स्वच्छता</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति विशेष सतर्कता बरतने और इसमें जनसहभागिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया है। सचिवालय में शहरी विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों को प्रोत्साहित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट, सीवर लाइन, पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, ई–वेस्ट निस्तारण और नागरिक सुविधाओं की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, नगर निकायों की आय बढ़ाने के लिए नवाचार को बढ़ावा देने के प्रयास करने को भी कहा गया।

श्री धामी ने पुराने पार्कों के सौंदर्यीकरण और रख–रखाव के साथ नए पार्कों के निर्माण पर जोर दिया और केंद्र पोषित योजनाओं पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 'देवभूमि रजत जयंती पार्क' विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें योग, वॉक और ओपन जिम की सुविधा होगी। ये पार्क 9 नवंबर 2026 तक तैयार हो जाएंगे। नगर क्षेत्रों में वर्षा जल संचय की योजना के तहत हर वर्ष 50 लाख लीटर जल संग्रहित किया जाएगा। राज्य के सभी 11 नगर निगमों में स्ट्रीट लाइटों के लिए केंद्रीकृत नियंत्रण प्रणाली लागू की जा रही है।

<u>कांवड मेला</u>

श्रावण मास के प्रसिद्ध कांवड़ मेले ने श्रद्धा, आस्था और जनसैलाब के नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं। हरिद्वार से अब तक साढ़े तीन करोड़ से अधिक कांवड़िए गंगाजल भरकर अपने–अपने गंतव्यों के लिए रवाना हो चुके हैं।

हरिद्वार में शिवभक्तों का ऐसा सैलाब उमड़ा है कि पूरा नगर शिवमय हो गया है। पिछले तीन दिनों से शहर में डाक कांवड़ियों की धूम है और बैरागी कैंप, दक्षेश्वर पार्किंग समेत सभी प्रमुख पार्किंग स्थल डाक कांवड़ियों और उनके वाहनों से पूरी तरह भर गए हैं।

आज हरिद्वार में कांवड़ियों की सबसे ज्यादा भीड़ की संभावना है, जिसे लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैयार है और भीड़ नियंत्रण के लिये वैकल्पिक व्यवस्थाएं लागू कर दी गई हैं।

निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्षाकाल के दौरान बारिश के पूर्वानुमान की जानकारी सही समय पर लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मॉनसून के दौरान सभी अधिकारियों को हर वक्त सतर्क रहने को भी कहा है। देहरादून के आईटी पार्क स्थित राज्य आपदा परिचालन केंद्र से कल मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों से बातचीत कर वर्षा, सड़कों की स्थिति, चारधाम व कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं तथा विद्युत, पेयजल और अन्य जरूरी सेवाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बारिश से बाधित सड़कों को शीघ्रता से सुचारु किया जाए और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में सभी जरूरी उपकरण उपलब्ध हों।

वीडियो कांफ्रेंसिंग/समीक्षा

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के जिला और उप जिला अस्पतालों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में अनावश्यक रेफरल पर नाराज़गी जताई और निर्देश दिए कि जिन मरीजों का इलाज जिला या उप जिला अस्पतालों में संभव है, उन्हें वहीं पर उपचार दिया जाए। केवल गंभीर मामलों को ही उच्च केंद्रों पर रेफर किया जाए।

मुख्य सचिव ने सभी जिला अस्पतालों में सामान्य और आवश्यक जांच सुविधाएं अनिवार्य रूप से शुरू करने के निर्देश दिए।

प्रदेश में संचालित 108 और विभागीय एम्बुलेंसों की समीक्षा के बाद उन्होंने खराब और पुरानी एम्बुलेंसों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने नई एम्बुलेंस खरीद प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने को कहा।

श्री बर्द्धन ने कुमाऊं और गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में एक–एक आईवीएफ सुविधा और ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए ताकि दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें।

अनावश्यक रेफरल/सख्त कार्रवाई निर्देश

इस बीच, स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों और उप जिला अस्पतालों के प्रमुख अधीक्षकों के साथ बैठक की और निर्देश दिये कि अस्पतालों से मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर करने की प्रवृत्ति पर सख्ती से रोक लगाई जाए। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि किसी भी रेफरल के लिए स्पष्ट और ठोस कारण अनिवार्य होंगे और हर रेफरल सी.एम.एस की काउंटर साइन के बाद ही मान्य होगा। लापरवाही या अनुचित रेफरल की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया भी तैयार की जाएगी।

डॉक्टर कुमार ने स्पष्ट किया कि आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा की अनुपलब्धता की स्थिति में अस्पतालों को स्थानीय संसाधनों से मरीज को अस्पताल पहुंचाने की वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए अस्पताल स्तर पर स्थानीय एम्बुलेंस नेटवर्क और संसाधनों की सूची पहले से तैयार रखने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि पोस्ट–पीजी ट्रेनिंग के बाद स्थानांतरित हुए और अभी तक कार्यभार न संभालने वाले डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

डिजिटल उत्तराखंड क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'डिजिटल उत्तराखंड' प्लेटफॉर्म पर नागरिक सेवाओं की आसान, पारदर्शी और सुविधाजनक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तय रोडमैप के अनुसार समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसे राज्य की सुशासन नीति की महत्वपूर्ण डिजिटल पहल बताया और सभी विभागों को तत्परता से काम करने को कहा।

सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म राज्य को डिजिटल युग की मुख्यधारा में लाने में मदद करेगा और शासन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने इसे सरल, सुरक्षित और नागरिकों के लिए उपयोगी बनाने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में सचिव सूचना प्रौद्योगिकी नितेश झा ने जानकारी दी कि यह प्लेटफॉर्म सभी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का एकल डिजिटल एक्सेस प्वाइंट होगा, जिससे डेटा आधारित प्रशासन और कार्यक्षमता में सुधार होगा। इससे योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और सेवाओं के वितरण में तेजी आएगी।

नदी संरक्षण

रुद्रप्रयाग में जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक में नदियों के संरक्षण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थिति, कचरा प्रबंधन और सिंगल यूज प्लास्टिक पर नियंत्रण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदियों में प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगे और किसी भी स्थान पर दूषित जल या कचरा नदियों में प्रवाहित न होने पाए।

बैठक में एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रयोग पर सख्ती बरतने और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही, जिले में नए ड्रेनेज स्थलों की पहचान कर समाधान की दिशा में ठोस योजना बनाने को कहा गया।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के पद से इस्तीफा देने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर जगह दी है.. हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– धनखड़ का स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा, संसद सत्र के पहले दिन राज्यसभा सभापति ने की घोषणा।

तहसील स्तर पर बनेंगी क्विक रिस्पांस टीम– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलों को जल्द से जल्द टीमें गठित करने के दिए निर्देश।

पंचायत चुनाव की खबर पर अमर उजाला लिखता है– आज थमेगा चुनाव प्रचार का शोर, 24 जुलाई को होगा पहले चरण का मतदान।

सीबीएसई के सभी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– बच्चों की सुरक्षा के लिए लगेंगे कैमरे, स्कूलों को रखनी होगी 15 दिन की रिकॉर्डिंग...

और मौसम की खबर अमर उजाला लिखता है– प्रदेश में आज भी भारी बारिश की संभावना... देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, और रूद्रप्रयाग में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।